卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 115 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦1 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# बजट में करदाताओं को कोई राहत नहीं

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया अंतरिम बजट, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण ने बृहस्पतिवार को संसद में अंतरिम बजट पेश किया। इस मिनी बजट में इस बार आयकरदाताओं को कोई राहत नहीं दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं होगा। अंतरिम बजट में इनकम टैक्स के स्लैब में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, रेलवे से लेकर अन्य सेक्टर में प्रोजेक्ट को लेकर सरकार ने अपना विजन रखा है। स्टार्टअप के लिए टैक्स छूट एक साल के लिए बढ़ा दी गई है। लखपति दीदी योजना को विस्तारित किया जाएगा। राज्यों को ब्याज मुक्त कर्ज योजना जारी रहेगी। 3 नए रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11 फीसदी ज्यादा खर्च किया जाएगा। रक्षा खर्च 11.1% बढ़ाया गया है। राजकोषीय घाटा 5.1% रहने का अनुमान है। 44.90 करोड़ रुपए का खर्चा है और 30 लाख करोड़ का रेवेन्यू आने का अनुमान है। आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाएगा। तिलहन के अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। हर महीने 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाएगा। 50 साल के लिए 1 लाख करोड़ के ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। 40 हजार सामान्य रेल कोच वंदे भारत जैसे कोच में बदले जायेंगे। सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीनेशन पर ध्यान दिया जाएगा। मातृ और शिशुदेखरेख की योजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। 9-14 साल की लड़कियों के टीकाकरण पर ध्यान दिया जाएगा। सरकार मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना लाएगी। अगले 5 साल में 2 करोड़ घर बनाए जाएंगे। पीएम आवास के तहत 3 करोड़ घर बनाए गए हैं। मत्स्य संपदा योजना से 55 लाख को नया रोजगार मिला। 5 इंटीग्रेटेड एक्वापार्क स्थापित किए जाएंगे। करीब 1 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनीं हैं अब 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। 390 यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है। जीएसटी से वन मार्केट, वन टैक्स किया गया है। भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के जरिए एक परिवर्तनकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

# अवसरवादी गठबंधन को आईना दिखाएगी जनता: धामी

## भाजपा ने पांचों लोकसभा क्षेत्रों में खोले चुनाव कार्यालय







देहरादून/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा ने लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकते हुए गुरूवार को उत्तराखंड की पाँचो लोकसभा के चुनाव कार्यालय का उदघाटन कर दिया है। देहरादून से प्रदेश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फीता काटकर वर्चुअली माध्यम से पांचों लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव कार्यालयों उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, उत्तराखंड चुनाव प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यत कुमार गौतम भी मौजूद रहे। पार्टी ने टिहरी लोकसभा का कार्यालय देहरादून महानगर, हरिद्वार लोकसभा कार्यालय हरिद्वार शहर, पौड़ी गढ़वाल का कार्यालय श्रीनगर, नैनीताल-उधम सिंह नगर का भाजपा जिला कार्यालय,रूद्रपुर और अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र का कार्यालय अल्मोड़ा में खोला है। सीएम द्वारा वर्चुअल उदघाटन करने (शेष पृष्ठ सात पर)

# नहर में मिला लापता मासूम बालक का शव

बाजपुर( उद संवाददाता)। ग्राम नरखेड़ा में दो दिन पूर्व घर से लापता मासूम बच्चे का शव नहर में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव



को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार नरखेड़ा निवासी अजय पुत्र भोले राम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उसका 3 वर्षीय पुत्र दो दिन पूर्व दोपहर के लगभग एक बजे घर के (शेष पृष्ठ सात पर)

# कार पलटने से दो की मौत,पांच घायल



देहरादून(उद संवाददाता)। बुधवार देर रात बुल्लावाला-डोईवाला मार्ग पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि कार में सवार पांच अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने शवों को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात बुल्लावाला में एक जन्म दिन समारोह में आए कुछ लोग कार से डोईवाला की तरफ आ रहे थे। बुल्लावाला पुल के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। सड़क दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को ग्रामीणों की मदद से निकालकर जोलीग्रांट अस्पताल भिजवाया गया। हादसे में घायल यश और ऋषभ निवासी भारुवाला की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि पांच अन्य घायल हैं।घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पहाड़ों ने ओढ़ी बर्फ की चादर

## मौसम के पहले हिमपात का पर्यटकों ने उठाया लुत्फ



देहरादून (उद संवाददाता)।मौसम का मिजाज बदलते ही पहाड़ों ने सफेद बर्फ की चादर ओढ़ ली है। बर्फबारी का आनंद लेने के लिए पर्यटक भी बड़ी संख्या में पहाड़ों पर पहुंच गये। चमोली जनपद में रातभर से बारिश और बर्फबारी का दौर जारी है, जिससे ऊंची चोटियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी सहित ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही हैं। बदरीनाथ धाम सहित हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ, लाल माटी, नंदा घुंघटी, औली, गोरसों सहित नीती और माणा घाटियों में बर्फबारी हुई है। निजमुला घाटी के पाणा, ईराणी, झींझी गांव में भी बर्फबारी हुई, वहीं पर्यटन ग्राम रामणी में भी बर्फबारी होने से खेतों और आम रास्तों में बर्फ बिछ गई है। औली में बर्फबारी से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे भी खिल गए हैं। यमुनोत्री धाम के प्रमुख पड़ाव जानकी चट्टी नारायण पुरी फूलचट्टी खरशाली गांव क्षेत्र में भी बर्फबारी के बाद दिलकश नजारा सामने आया। कुमाऊं में भी मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह से ही कुमाऊं के सभी जिलों में बारिश तो (शेष पृष्ठ सात पर)

# दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में छह लोग घायल

किच्छा( उद संवाददाता)। देर सांय हल्द्वानी रोड पर दो मोटरसाइकिल की आमने सामने भिड़ंत में छह लोग घायल हो गए जिनको स्थानीय सी एच सी सेंटर लाया गया जहां गंभीर रूप से घायल को जिला चिकित्सालय भेज दिया गाय। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेनी मजार के पास शमशान घाट के सामने मोटरसाइकिल संख्या यूके 06बीएफ0094 एवं यूके 04जेड 9002 की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गयी। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार छह लोग घायल हो गये। दो लोगों को गंभीर चोटे आई है जबकि 4 को सामान्य चोटें आई हैं। घायलों को तत्काल मौके से प्राइवेट वाहन द्वारा उपचार हेतु सीएचसी किच्छा ले जाया गया। घायलों में बेदी मोहल्ला किच्छा निवासी 17 वर्षीय रोहित पुत्र मदन ,20 वर्षीय बबलू पुत्र देवदास ,25 वर्षीय गोविंद पुत्र वीरपाल , लालकुंआ निवासी 25 वर्षीय प्रिंस सिंह पुत्र इंद्र भूषण सिंह,दीपक यादव पुत्र लालमणि यादव , खुरपिया गेट निवासी मोहित पुत्र नरेश शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों को सामान्य चोट होने के घर भेज दिया गया तथा घायल दीपक यादव व प्रिंस को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल रुद्रपुर के लिए रेफर किया गया ।

# 23.59 ग्राम स्मैक सहित दो गिरफ्तार



काशीपुर( उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान मोटरसाइकिल पर फर्राटा भरते दो युवकों को शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उनके कब्जे से हजारों रुपए कीमत की अवैध स्मैक बरामद किया है। पूछताछ के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा चालन करते हुए अभी कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि पुलिस ऑपरेशन प्रहार तथा ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाएं अभियान के क्रम में क्षेत्र में गश्त पर( शेष पृष्ठ सात पर)

# दुकान से हजारों की नगदी उड़ाई

## सीसी टीवी फुटेज से चोर की हुई पहचान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोर ने ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में तीन पानी डाम के समीप ऑटो सर्विस शॉप के छत के दरवाजे का ताला तोड भीतर गल्ले में रखी हजारों की नगदी चोरी कर ली। प्रात: दुकान खोलने पहुंचे दुकान स्वामी ने जब भीतर का नजारा देखा तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। दुकान स्वामी का कहना है कि उसने दुकान में लगे सीसीटीवी की फुटेज देखकर चोर की पहचान कर ली है। जो पूर्व में दुकान में काम कर चुका है। जानकारी के अनुसार तीन पानी डाम फुलसुंगा निवासी भाष्कर चौहान पुत्र बुद्धराम की तीन पानी डाम सिडकुल रोड़ पर (शेष पृष्ठ सात पर)

# चीनी मिल ठेकेदार के खिलाफ श्रमिक मुखर

किच्छा(उद संवाददाता)। चीनी मिल किच्छा में ठेकेदार के अंतर्गत कांटेक्ट बेस पर कार्यरत श्रमिकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शंकर कुमार के नेतृत्व में चीनी मिल गेट पर धरना प्रदर्शन किया तथा जमकर नारेबाजी की। श्रमिक नेता शंकर कुमार का कहना है कि एक ही ग्रेड के श्रमिकों को ठेकेदार द्वारा अलग-अलग सैलरी दी जा रही है तथा वेतन वृद्धि भी नहीं की जा रही है ।वर्तमान में उनका पिछले माह का वेतन भी नहीं दिया गया है। उनको पीएफ कटौती की जानकारी भी नहीं दी जा रही है। श्रमिकों का कहना है कि जब तक उन्हें वेतन एवं पीएफ संबंधी जानकारी नहीं दी जाएगी वह अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। अपराहन भारी वर्षा के बीच किच्छा चीनी मिल में तैनात ठेकेदार के अंतर्गत कर्मचारियों द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें ठेकेदार द्वारा किए जा रहे



उत्पीड़न के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु मिल के गेट पर एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने मिलकर ठेकेदार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की तथा मिल प्रबंधन तंत्र से न्याय दिलाने की गुहार लगाई। श्रमिकों का कहना था कि ठेकेदार द्वारा जिसमें एक मध्य प्रदेश का है तथा एक उत्तर पूर्वी प्रदेश का है, के द्वारा विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं के तहत कार्य लिया जा रहा है। समय पर वेतन भुगतान भी नहीं किया जा रहा है यही नहीं निर्धारित वेतनमान के बावजूद आधे अधूरे वेतन का भुगतान किया जा रहा है। पीएफ तथा अन्य फंड कटौतियों का भी कोई विवरण श्रमिकों को नहीं दिया जा रहा है जिस वजह से ठेकेदार के अंतर्गत कार्य करना मुश्किल हो रहा है। समस्त कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि यदि समय रहते हुए ठेका कर्मचारियों की मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा तथा कार्य नहीं किया जाएगा।इस अवसर पर प्रमुख रूप से अवधेश, बबलू ,आसिफ, शिवदत्त जोशी ,बबलू यादव, अंगद यादव, रवि यादव, नंदकिशोर, वीर हसन ,रामु राय आदि उपस्थिति थे। उल्लेखनीय है कि चीनी मिल में लगभग 500-600 मजदूर ठेके पर सेवारत है ।

## ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस

किच्छा। किच्छा चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने ठेका श्रमिकों के चीनी मिल गेट के सामने धरना प्रदर्शन करने के संबंध में बताया कि श्रमिकों द्वारा आज ही उनसे भुगतान संबंधी एवं ठेकेदार द्वारा अनियमितताएं बरतने की शिकायत की है जिसके अनुपालन में ठेकेदार को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है तथा कार्यरत श्रमिकों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि क्योंकि ठेका प्रथा राज्य स्तर पर की जाती है तथा वहीं से मिल में कर्मचारियों की व्यवस्था करने हेतु ठेकेदार को ठेका दिया जाता है। इस वजह से वह ठेकेदार को सिर्फ कारण बताओं नोटिस जारी कर रहे हैं तथा आला अधिकारियों को संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया है कि कुछ ठेका कर्मचारियों द्वारा अपने खाते अपडेट नहीं कर आए हैं जिस वजह से भी भुगतान करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि चौकी टेंडर प्रक्रिया उच्च स्तर पर होती है इसलिए इस प्रकरण में संपूर्ण करवाई उच्च स्तर से ही की जाएगी। उन्होंने ठेका कर्मचारियों से निवेदन किया है कि किसी भी समस्या के होने पर वे सीधे उनसे वार्ता कर सकते हैं तथा अपनी समस्या का निराकरण कर सकते हैं।

# दहेजलोभियों ने किया विवाहिता की हत्या का प्रयास, मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज में 10 लाख रूपयों की नगदी व फॉर्च्यूनर कार न मिलने पर लोभी ससुरालयों ने एक और विवाहिता को मारपीट कर घर से बेघर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला सुभाष नगर आवास विकास निवासी रामसुख की पुत्री सीमा ने बताया कि वर्ष 2007 की 22 फरवरी को उसका विवाह मोहल्ला आवास विकास निवासी संजय उर्फ संजू पुत्र ढालचंद्र के साथ हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुआ। पीड़िता ने पुलिस को बताया की शादी के कुछ दिन बाद से ही पति व सास दहेज की खातिर उसे प्रताड़ित करने लगे। मां बेटे के इस कार्य में बुद्ध विहार मुरादाबाद निवासी आनंद सुनीता पत्नी मनोज कुमार लगातार साथ देती। आरोप है कि कई बार उपरोक्त लोगों ने विवाहिता को गला घोटकर मौत के घाट उतारने की कोशिश की। वर्ष 2023 की 11 सितंबर को इस मामले में विवाहिता ने टांडा उज्जैन चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया। लेकिन आप है कि इसके बाद भी ससुराल वालों के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया। इसी वर्ष 28 सितंबर को उन्होंने एक बार फिर से विवाहिता को मौत के घाट उतारने का प्रयास किया। इस बार पीड़िता ने घटना की तत्काल बाद पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बम उसकी विवाहिता को बचाकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया। 31 अक्टूबर को महिला हेल्पलाइन में पीड़िता ने मामले की तहरीर दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 2023 की 29 नवंबर को शाम लगभग 6:00 बजे दहेज की खातिर लोभी ससुरालियों ने उसकी हत्या करने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# दहेज प्रताड़ना से परेशान महिला ने कोर्ट में लगाई न्याय की गुहार लगाई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दहेज प्रताड़ना से परेशान महिला ने जब पुलिस से न्याय की गुहार लगाई तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जिसके बाद वह न्यायालय की शरण में पहुंची और न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। विवाहित ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। बैलजुड़ी काशीपुर निवासी रूबी पुत्री मो. अशफाक न्यायालय की शरण में पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया है कि उसका निकाह पतियापाडा बाइपास चांदपुर बिजनौर निवासी मोच इकबाल के साथ हुआ था। शादी में उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे कम दहेज लाने के लिए ताने दिए जाने लगे और उसका मानसिक और शारीरिक शोषण किया जाने लगा। देवर पर भी उसने उसके साथ जबरदस्ती करने का आरोप लगाया है। मामला बढ़ने पर पंचायत बैठी और पति पत्नी दोनों अलग किराए के मकान में रहने लगे। महिला का कहना है कि 14 नवंबर 2023 को उसके पति की गैर मौजूदगी में उसका देवर इमरान और फैसल की नियत नहीं बदली और वह उसके साथ जोर जबरदस्ती करते रहे। जब इसकी शिकायत अपने पति से की तो वह उल्टा मारपीट करने लगा। इसके बाद उसने मामले की शिकायत मुखानी थाना हल्द्वानी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है जब वह हल्द्वक्षनी आई थी तब उसका पति उसके दो बच्चों को लेकर भाग गया। महिला का कहना है कि उसने मामले की शिकायत कुंडा थाने में भी की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने पति मो इकबाल, सुसर मो. हनीफ, सास नसीम बानो, देवर इमरान , देवरानी बुशरा परवीन, देवर सलमान, फैसल, ननद गुलब्शा परवीन, अशरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मूनोट हेल्थकेयर फाउंडेशन ने आयोजित किया ऑर्थो वॉकाथॉन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षतिग्रस्त जोड़ों या हड्डियों के खराब स्वास्थ्य से उत्पन्न होने वाली गतिशीलता संबंधी समस्याएं अक्सर गतिहीन जीवनशैली का कारण बनती हैं। इस चिंता को देखते हुए, मुनोट हेल्थकेयर फाउंडेशन (एमएचएफ) ने देश में पहली बार 'ऑर्थो वॉकथॉन (ओडब्ल्यूएन)' का आयोजन किया। बांद्रा में ताज लैंड्स एंड के सुंदर समुद्र तटीय लॉन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थोपेडिक स्थिति वाले व्यक्तियों को सशक्त बनाना है, जिससे उन्हें 1, 3 या 5 किलोमीटर की दूरी पैदल चलने का अवसर मिल सके। डॉ. शिल्पा मूनोट, निदेशक मूनोट हेल्थकेयर फाउंडेशन, ने कहा, "लगभग 200 रोगियों ने, जिनकी उम्र 12 वर्ष से लेकर 85 वर्ष तक की थी, इस अग्रणी कार्यक्रम में भाग लिया। इनमें ऐसे व्यक्ति भी शामिल थे जो डॉ.



प्रदीप मूनोट द्वारा भारत के पहले टखने के प्रतिस्थापन जैसी अभूतपूर्व प्रक्रियाओं से गुजर चुके थे, साथ ही वे लोग भी थे जो फ्लैट फुट, घुटने के दर्द, कूल्हे की सर्जरी और रीढ़ की हड्डी की समस्याओं से जूझ रहे थे। उत्साहजनक रूप से, प्रतिभागियों ने बांह की बैसाखी से लेकर वॉकर और चलने वाली छड़ियों का इस्तेमाल करते हुए अपने दृढ़ संकल्प को दर्शाया। उनकी इस सामूहिक भावना ने एक प्रेरणा के रूप में काम किया, जिससे हड्डी और जोड़ों की देखभाल के महत्व के बारे में दूसरों के बीच जागरूकता पैदा हुई। विभिन्न विकृतियों वाले कई रोगियों, जैसे कि टिबियल फ्रैक्चर, टैलस फ्रैक्चर, एंकल विकृतियाँ, 3 से 5 किलोमीटर तक चलने में सक्षम थे। डॉ. भलेराव को थाइल्ड फ्रैक्चर, टैलस फ्रैक्चर, एंकल विकृतियों की अर्थराइटिस और संबंधित दर्द, सूजन, और 100 मीटर से अधिक चलने की असमर्थता थी। उन्होंने पूर्ण एंकल रिप्लेसमेंट करवाया और अब 1 किलोमीटर से अधिक चलते हैं। समतल पैरों वाले एक परिवार ने मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करवाई और 5 किलोमीटर तक चलने में सक्षम हुए।

# चौकी इंचार्ज ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं

गूलरभोज(उद संवाददाता)। पुलिस चौकी गूलरभोज में व्यापारियों की एक बैठक हुई जिसमें चौकी इंचार्ज गणेश भट्ट ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का समाधान भी किया। चौकी इंचार्ज गणेश भट्ट ने कहा कि कच्ची शराब और बिना नंबर वाली गाड़ियों को छोड़ा नहीं जाएगा इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, तरुण दुबे, बिजेंद्र यादव, सतीश चुघ, मनोज देवराडी, अमित गुप्ता, किशोर सावंत, रामकिशन दहूजा,भूपेंद्र आर्य, राजकुमार ग्रोवर, आनंद पानू, सुमित बैरागी, संजय गुप्ता, गोविंद सिंह, बब्बू दहूजा आदि उपस्थित थे।



# डोर टू डोर कूड़ा उठाने के दोगुने ठेके से निवर्तमान सभासद भड़के

## पिछली बार साढ़े दस लाख में हुआ था ठेका इस बार बीस लाख

सितारगंज (उदसंवाददाता)। नगर पालिका क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली के ठेके में निवर्तमान सभासदों ने व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेके की धनराशि को दोगुना कर नगर क्षेत्र की जनता पर बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने दोगुने ठेके का विरोध कर आपत्ति जताते हुए अधिशासी अधिकारी को मांग पत्र सौंपा है। बुधवार को नगर पालिका क्षेत्र के निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, दीपक गुप्ता, ऋतु गहतोड़ी, रहमत हुसैन, उषा देवी, मजीदन बेगम, प्रमोद रावत, जहूर इस्लाम, सचिन गंगवार, कंचन चौहान, नूर बेग नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य के पास पहुंचे। यहां उन्होंने पालिका की ईओ को बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और यूजर चार्ज वसूली कार्य का ठेका पोर्टल में 18 जनवरी के माध्यम से विज्ञप्ति के जरिए निकाला गया। जिसकी अंतिम अवधि 8 फरवरी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में ठेका साढ़े 10 लाख का हुआ था, इस बार ठेके की धनराशि 20 लाख की जा रही है। ठेके की धनराशि दोगुनी होने पर समस्त निवर्तमान सभासद इस पर आपत्ति जाता रहे हैं। उनका आरोप है कि ठेके की धनराशि दोगुनी करने के साथ ही ठेके की अवधि भी पांच गुना कर दी गई है। जिससे प्रतीत होता है कि जनता के सरकारी पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने दोगुने ठेके से व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही



समस्त निवर्तमान ने दोगुनी ठेके को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने अधिशाषि अधिकारी को बताया कि जब तक नए बोर्ड का गठन नहीं होता तब तक किसी प्रकार का ठेका न किया जाए। ऐसा होने पर पूर्व सभासदों ने नगर की जनता के साथ आंदोलन और धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी ने कहा कि ठेका व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने को लेकर किया जा रहा है। सीधे-सीधे यह जनता के पैसे का दुरुपयोग है जो काम पिछले ठेके में दस लाख रुपए में हो रहा था। वह अब 20 लाख रुपए में क्यों किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी सिर्फ हिटलर शाही दिखा रही हैं, जहां एक तरफ सितारगंज में सफाई कर्मचारियों की कमी है और उनके पद भी खाली हैं। लेकिन कर्मचारियों को न लगाकर वह नगर पालिका के पैसे का दुरुपयोग कर रही है। निवर्तमान सभासद पति पंकज गहतोड़ी ने कहा कि ठेके में गोलमाल है। इसीलिए ठेकेदार भी उत्तराखंड का और स्थानीय न होकर उत्तर प्रदेश का है। जिससे यह प्रतीत होता है कि अधिकारी अपने स्वयं के लाभ और ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए इतना महंगा ठेका कर रहे हैं।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# भाजपा बना रही महिलाओं को स्वावलंबी:भावना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना माहरा ने कहा कि भाजपा ने आर्थिक व सामाजिक रूप से महिलाओ को सशक्त व स्वावलंबी बनाने का कार्य किया है। लखपति दीदी योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इसी परिकल्पना का हिस्सा है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा लखपति दीदी कार्यक्रम कों संबोधित कर रही थी। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत महामंत्री भावना मेहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला ने दीप प्रज्वलित करके की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में महामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति के महत्व को समझते हुए लखपति दीदी योजना की शुरुआत की है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 02 करोड़ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने लक्ष्य रखा गया हैं जबकि प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में वर्ष





2025 तक सवा लाख समूह की बहनों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया गया है। अभी तक 40 हजार से अधिक लखपति दीदी प्रदेश में बन चुकी है। जिससे महिलाओ को न केवल रोजगार उपलब्ध होगा बल्कि वे आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर भी बनेंगी। कहा कि राज्य सरकार महिला समूहों को ब्याज रहित ऋण उपलब्ध करा रही है वही केंद्र की मोदी सरकार भी महिलाओ के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाए संचालित कर रही है। महिला प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी ने बताया कि उज्जवला गैस योजना में 11 करोड़ 8 लाख लोगों को लाभ मिल चुका है और 4 करोड लोग पीएम आवास योजना से लाभान्वित हुई है।भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार राजनैतिक रूप से महिलाओ की भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य कर रही है जिससे महिलाओ को विधायी भूमिका में भी उचित प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बिमला मुंडेला ने कहा भाजपा में ही महिलाओ का उचित सम्मान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है, नित्य नई योजनाओं का उद्घाटन हो रहा है।कार्यक्रम में दायित्वधारी उत्तम दत्ता प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी, महिला मोर्चा जिला प्रभारी सतीश गोयल , उपाध्यक्ष राजेश तिवाड़ी, कुमाऊ सह-संयोजक शैली फुटेला, पूनम अग्रवाल रेन जुनेजा, जिला महामंत्री श्रीमती स्वाति शर्मा , अनिता जयाला, गरिमा मिश्रा एवं विभिन्न समूहों से लखपति दीदी उपस्थित रही।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण रोकें: एडीएम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरकारी भूमि पूर्णत: सुरक्षित व संरक्षित हो और सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो। यह बात अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने सरकारी भूमि प्रबन्धन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों तथा कर्मचारियों हेतु जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में कही। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने- अपने विभाग से सम्बन्धित परिसम्पत्तियों की सभी आवश्यक सूचनाएं पोर्टल पर अपलोड करने के साथ ही पॉलिगन भी तैयार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि



परिसम्पत्तियों की अक्षांशीय व देशान्तरीय स्थिति मौके पर जाकर ही भरी जाये और अक्षांशीय व देशान्तरीय स्थिति भरने में किसी भी प्रकार की कोताही न हो। बैठक में जीआईएस एक्सपर्ट डॉ.तनसीर आलम खान ने पैम पोर्टल पर विभिन्न अधिकारियों की आईडी तैयार करने, लोगइन आईडी तथा पासवर्ड जनरेट करने, परिसम्पत्तियों से सम्बन्धित जानकारियां अपलोड करने, अक्षांशीय व देशान्तरीय स्थिति, पोलीगन तैयार करने, अपलोड सूचनाओं में संशोधन सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी, मनीष बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी, केएस सामन्त आदि उपस्थित थे।

# स्नूकर टूर्नामेंट में लालकुआं के अर्जुन कोहली ने मारी बाजी

सितारगंज(उदस ंवाददाता)। बजाज क्यू स्पोर्ट्स अकैडमी के तत्वाधान में टेन रेड स्नूकर टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। जिसमे उत्तराखण्ड व यूपी के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए 40



खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।टूर्नामेंट के फाइनल में लालकुआं के अर्जुन कोहली ने सितारगंज के आयुष आर्य को 4-3 से हराकर बाजी मार ली। नगर के पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गोयल ने विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 15 हजार व द्वितीय पुरस्कार 8 हजार रुपए की धनराशि देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट में जतिन व अंकित बजाज रेफरी रहे। वही एकेडमी के स्वामी अंकित बजाज ने बताया कि वो स्नूकर में नेशनल चौंपियनशिप भी खेल चुके हैं और सितारगंज में पहली बार उनके द्वारा इस खेल का इतना बड़ा टूर्नामेंट करवाया गया है जिससे की खिलाड़ियों का हौसला बढ़े और वो देश के लिए खेल कर इस खेल में देश का गौरव बढ़ाएं। इसलिए इस प्रकार के टूर्नामेंट होते रहने चाहिए। टूर्नामेंट में अंकित गोयल,अंश गुप्ता, गिजाली मालिक,मोहम्मद शाहिद,गौरव लूथरा,उज्ज्वल पांडेय, रचित गर्बयाल आदि उपस्थित रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# भजन गायक मनोचा का नया भजन रिलीज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मशहूर भजन गायक रितेश मनोचा के जन्मदिन पर उनका नया भजन रिलीज हुआ है। सांवरिया म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज भजन




जय श्री श्याम (श्याम धुन) को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। रवि गुलशन द्वारा रचित और बलजीत चहल द्वारा संगीतबद्ध 26 मिनट की श्याम धुन बहुत ही कर्ण प्रिय लगती है। रितेश मनोचा ने बताया कि आजकल छोटी अवधि के भजनों का चलन है, पर इसको पारम्परिक तरीके से बनाया गया है। श्याम प्रेमियों को यह भजन खूब भा रहा है। बता दें इससे पहले भी रितेश मनोचा के कई भजन रिलीज हो चुके हैं। जन्म दिन पर उनका नया भजन रिलीज होने पर तमाम लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रभारी मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिन पर कुष्ठ आश्रम में फल वितरित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिले के प्रभारी मंत्री एवं उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिन के अवसर पर जिला महामंत्री अमित नारंग के नेतृत्व में रूद्रपुर स्थित कुष्ठ आश्रम में भाजपाईयो ने फल वितरित कर केबिनेट मंत्री के जन्मदिन को मनाते हुए उनकी दीर्घायु हेतु कामना की। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट,भाजयुमो जिला महामंत्री बिट्टू चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष नमन चावला, जिला पंचायत सदस्य जगदीश विश्वास, गजेन्द्र प्रजापति,सुरेश शर्मा, जितेन्द्र संधू,मनमोहन सिंह, गिरीश पाल,राजकुमार कोली, राज कुमार चौहान आदि थे।



# मातृशक्ति को सबल प्रदान करने के लिए चल रही कई योजनायें : बिष्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी जिला नैनीताल की शक्ति वंदन महिला स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ संपर्क अभियान की जिला कार्यशाला कुमाऊँ संभाग कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। श्री बिष्ट ने शक्ति-वंदन कार्यक्रम में कहा कि मातृ-शक्ति का सहयोग भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मिलता रहा है। मातृशक्ति के सहयोग से ही उत्तराखंड में पुन: दोबारा सरकार आई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए देश की लोकसभा और विधानसभा में 30 प्रतिशत का आरक्षण दिया है। राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं मातृशक्ति को सबल प्रदान करने के लिए चल रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लखपति दीदी योजना के तहत रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। अत: मातृशक्ति के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार को लाना आवश्यक है। इस हेतु स्वयं सहायता समूह के ग्रुपों से आग्रह किया है कि वह जनता के बीच जाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने हेतु आग्रह करें। इस अवसर पर विधायक नैनीताल श्रीमती सरिता आर्य, विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बेला तोलिया, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश संयोजक विजय भट्ट, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अल्का जीना, समस्त सभी महिला मोर्चा जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष महामंत्री और अभियान की मण्डल टोली के संयोजक और सह संयोजक उपस्थित रहे।





# परमात्मा सब में प्रकाश रूप में विद्यमान: साध्वी कालिंदी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी पार्क में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में चतुर्थ दिवस में सर्व श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या सुश्री कालिंदी ने बताया कि महापुरूषों ने कहा- 'एकं सदविप्रा:बहुध वदन्ति वह एक ही शक्ति है जिसे विद्वानों ने अलग-अलग नामों से संबोधित किया है। आज परमात्मा को अनेकों नामों से पुकारा जाता है परंतु वास्तव में वह एक ही शक्ति है। वही शक्ति सब में प्रकाश रूप में विद्यमान है। एक शक्ति परमात्मा जो सत्य है सब में प्रकाश रूप में विद्यमान है और उस प्रकाश स्वरूप परमात्मा का प्राक्ट्य जब भीतर होता है तो आंतरिक अधकार दूर हो जाता है। यह पांच विकार, दु:ख- क्लेश, अशांति, अधिरता, चौरासी का भव-बंधन ये सब इसी अंधेरे की ही दी हुई सौगातें हैं। ईश्वर अंतर्जगत का भुवनभास्कार है। वेदों के ऋषियों ने कहा- आदित्यवर्ण तमस: परस्तात। ज्योति की ज्योति परम-ज्योति है। वहाँ न तो चक्षु पहुँच सकते हैं, न ही वाणी, न मन ही न तो बुरि से जान सकते हैं न ही दूसरों को सुना सकते है। उस प्रकाश स्वरूप परमात्मा का दर्शन तो मात्र दिव्य दृष्टि के माध्यम से ही किया जा सकता है। जैसे इस लौकिक संसार को देखने के लिए दो आंखे दी है वैसे ही इस संसार के रचनाकार को देखने के लिए भी अलौकिक आंख दी है। हमारे मस्तक पर, भौहों के ठीक बीचोंबीच। जिस प्रकार से आप अपनी चर्म चक्षु के द्वारा दर्पण के माध्यम से अपने आप को निहारते है वैसे ही अपने अंत:स्थ ईश्वरीय प्रकाश और उसके अनंत वैभव का दर्शन दिव्य दृष्टि के द्वारा कर सकते है। समस्त ग्रंथों व महापुरूषों ने उस सत्य स्वरूप परमात्मा को ईश्वरीय प्रकाश को देखने का सशक्त साधन दिव्य दृष्टि ही माना है। यह दिव्य-दृष्टि आध्यात्मिक व अति सूक्ष्म दृष्टि है इसे खोलने के लिए स्थूल साधनों या बाहरी ऑपरेशनों से जागृत नहीं हो सकती। यह मात्र शुद्ध आध्यात्मिक उर्जा से ही खुल सकती है। इस अलौकिक उर्जा के स्रोत केवल और केवल एक पूर्ण गुरु, एक तत्त्ववेत्ता महापुरूष ही होते हैं। मात्र उनमें ही इसके उन्नीलन की सामर्थ्य हैं।आगे भारती ने अवतारवाद की व्याख्या करते हुए कहा कि जब-जब इस धर्म की ग्लानि होती है तथा धर्म का अभ्युत्थान होता है तब-तब भगवान अपने को इस विश्व में पैदा करते हैं। अजन्मा जन्म को स्वीकार कर लेता है। अकर्त्ता कर्तृत्व को, अभोक्ता उपभोग को स्वीकार कर लेता है। निराकार परमात्मा साकार हो जाता है। समय-समय पर अनेकानेक अवतारों ने भारत की भूमि पर जन्म लिया है। भारत जिसे विश्व का हृदय भी कहा गया है क्योंकि ईश्वर सर्वभूत प्राणियों का धम हैं। ईश्वर सर्व प्राणियों के हृदय में निवास करता है। इसलिए भगवान भारत रूपी हृदय में अवतार धरण करते हैं। आगे साध्वी जी ने भारत की महानता के बारे में बताया कि भारत देश की महान है कि इसे समय-समय पर भगवान की अवतरण स्थली होने का गौरव प्राप्त हुआ। समाज के कुछ प्रबुद्ध लोगों, पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण वाले लोग यह प्रश्न करते है कि भारत में इतनी रूढ़िवादी परंपराये क्यों है क्या इन रूढ़िवादी परंपराओं का कारण धर्म ही नहीं है? यही प्रश्न एक बार किसी ने महाराज जी पूछा तो महाराज जी ने कहा कि भारत में हर परंपरा के पीछे कोई रूढ़िवादिता नहीं अपितु एक वैज्ञानिक कारण है। नदी में सिक्के फैकना हो, या सूर्य ग्रहण व चंद्र ग्रहण के समय भोजन न करना, ग्रहण के पश्चात् स्नान करना, पीपल पूजा हो या तुहासी पूजा, घर के बाहर रंगोली बनाना हो या पालथी मारकर भोजन खाना हो या खाने के बाद मीठा लेना हो सब के पीछे विलक्षण रहस्य व वैज्ञानिक तथ्य निहित है।सारा पंडाल नंद महोत्सव के कारण गोकुल गांव की भांति लग रहा था। जब नन्हे से कृष्ण कन्हैया को पालने में डाला गया तो सभी श्रद्धा से नतमस्तक हो उठे एवं सारा पंडाल ब्रजवासियों की भांति नाच उठा। बुधवार को कथा में मुख्य यजमान एवं अतिथि गुरु मां इंटरप्राइजेज से रमेश ढींगरा, सुखदेव ढींगरा,बलदेव ढींगरा, अभिमन्यु ढींगरा, त्रिमूर्ति प्लाईवुड के एम. डी.दिनेश कपूर एवम उनका परिवार, स्वास्तिक सॉल्वेंट से राम प्रकाश अग्रवाल के परिवार से अजय अग्रवाल, एसपी सिटी मनोज कत्याल, समाजसेवी संजय ठुकराल, सुषमा अग्रवाल, सिम्मी ठुकराल, शिखा ग्रोवर, हनीश ग्रोवर, आदि भागवत श्रोता शामिल हुए।














HAPPY BIRTHDAY
समस्त भुसरी परिवार
की ओर से शेर ए तराई पूर्व स्वास्थ्य मंत्री
एवं किच्छा के लोकप्रिय विधायक
श्री तिलकराज
बेहड़ जी
के जन्म दिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
विनोद भुसरी
मो. 9837291914
अनिल भुसरी
मो. 9837291950
मै. अन्नपूर्णा इण्डस्ट्रीज,
मै. ऋषि मुनि इंटरप्राईजेज, गदरपुर

उत्तरांचल दर्पण
# सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ज्ञानवापी का फैसला

वाराणसी की ज्ञानवापी को लेकर छिड़ा विवाद अब सुलझने की दिशा में बढ़ता नजर आ रहा है। वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा-पाठ की इजाजत दे दी है। अदालत ने यह फैसला भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआइ द्वारा पेश सबूतों के आधार पर सुनाया है। हालांकि मुसलिम पक्ष का कहना है कि एएसआइ की रिपोर्ट में ऐसी कोई बात नहीं कही गई है कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण मंदिर के अवशेष पर हुई थी। मगर वाराणसी जिला अदालत ने प्रशासन से कहा है कि वह एक हफ्ते के भीतर वहां पूजा-पाठ की व्यवस्था कराए। दरअसल व्यास पीठ पिछले तीस वर्षों से बंद था। हिंदू पक्ष का दावा है कि उससे पहले तहखाने में शृंगार गौरी की पूजा होती थी, मगर 1991 में जब पूजास्थल अधिनियम बना, तो राज्य सरकार ने उसे बंद करा दिया। दरअसल हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण मंदिर तोड़ कर हुआ है, इसलिए उस पर उसे स्वामित्व दिलाया जाए। यह मामला लंबा खिंचता गया। करीब पांच वर्ष पहले फिर से दावा पेश किया गया, जिस पर त्वरित सुनवाई की व्यवस्था की गई। करीब दो वर्ष पहले अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में एएसआइ से सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया था। उस पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक में गुहार लगाई गई, मगर अदालत ने सर्वेक्षण पर रोक से इनकार करते हुए कहा कि इस मामले का छह महीने के भीतर निपटारा हो जाना चाहिए, क्योंकि इससे दो समुदायों में तनाव बढ़ने का अंदेशा है। भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग के अध्ययनों में ऐसे कई प्रमाण मिले हैं, जिससे साबित होता है कि ज्ञानवापी की जगह पहले हिंदू मंदिर रहा होगा। बताया गया है कि उसमें शिवलिंग के अलावा कई हिंदू प्रतीक और शिलालेख मिले हैं। हालांकि मुसलिम पक्षकारों ने पूजास्थल अधिनियम का हवाला देते हुए पूरे विवाद को ही निरस्त करने की अपील की थी, क्योंकि उसमें कहा गया है कि 1947 के पहले से जो पूजा स्थल जैसे हैं, वे उसी स्थिति में रहेंगे। अयोध्या मामले को इससे अलग रखा गया था। मगर दिसंबर में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि उस अधिनियम के तहत अगर किसी जगह पर मंदिर है, तो वह मंदिर ही रहेगा और अगर मस्जिद है तो मस्जिद रहेगी। यानी एक परिसर में दोनों तरह की व्यवस्था नहीं हो सकती। चूंकि व्यास तहखाने में शृंगार गौरी की पूजा पुराने समय से होती आई थी, इसलिए ज्ञानवापी के पक्षकारों का दावा कमजोर पड़ गया। यह छिपा तथ्य नहीं है कि हमारे देश में आक्रांता शासकों ने अनेक पूजा स्थलों को ध्वस्त कर उनकी जगह अपने पूजा स्थल खड़े कर दिए। उनमें से अनेक के ऐतिहासिक साक्ष्य भी उपलब्ध हैं। उन पर स्वामित्व के दावे-प्रतिदावे किए जाते रहे, मगर धर्मनिरपेक्षता के संवैधानिक संकल्प की वजह से सरकारें उन मामलों में दखल देने से बचती रहीं। ज्ञानवापी मामले में भी यही रवैया देखा गया। जबकि पूजास्थल किसी भी समुदाय की आस्था से जुड़े होते हैं, उनकी वजह से किसी भी प्रकार का विवाद या दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति ही क्यों बनी रहनी चाहिए। वैसे भी अगर किसी विवाद की वजह से सामाजिक तनाव पैदा होता है, दो समुदायों के बीच वेवजह दुश्मनी बनी रहती है, तो उसका शीघ्र निपटारा हो जाना चाहिए। वाराणसी जिला न्यायालय का फैसला इस दृष्टि से उचित कहा जा सकता है। अयोध्या मामले में आया फैसला अब इस तरह के विवादों के लिए एक नजीर है।

# उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने संभाला पदभार






## नवनियुक्त सीएस ने अपनी प्राथमिकताओं को गिनाते हुए कहा: यूसीसी लागू होने से मिलेगा समानता का अधिकार, जनसमस्याओं का समाधान और सरकार की विकास योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने का काम होगा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में सीएस डा. एसएस संधू का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए प्रदेश की पहली महिला मुख्य सचिव के रूप में आईएएस श्रीमती राधा रतूड़ी को राज्य का 18वां मुख्य सचिव नियुक्त करने के आदेश जारी किये है। वहीं सरकार द्वारा नवनियुक्त मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बुधवार को सचिवालय स्थित मुख्य सचिव कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी को पदभार सौंपा। इस अवसर पर नवनियुक्त मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का कहना है कि यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी भी प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप उत्तराखंड को आगे ले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी के मूल मंत्र सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि की दिशा में एक टीम के रूप में कार्य करते हुए देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में लगातार कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगोली, श्री अरविंद सिंह ह्यांकी, श्रीमती राधिका झा आदि वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उत्तराखंड की नवनियुक्त मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कहना है कि राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनका मानना है कि प्रदेश में यूसीसी लागू होने के बाद राज्य की सभी बहनों को समानता का अधिकार मिलेगा। महिला मुख्य सचिव बनाए जाने को वह नारी शक्ति का सम्मान बताती हैं। वह राज्य की लोक परंपरा को आगे बढ़ाने की प्रबल हिमायती हैं। समान नागरिक संहिता को पास कराना हमारे सामने सबसे बड़ा मुद्दा है। यूसीसी की विशेषज्ञ समिति दो फरवरी को मुख्यमंत्री को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। रिपोर्ट को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा। उसका एक विधेयक बनेगा। यह विधेयक पांच फरवरी से आठ फरवरी तक बुलाए गए विधानसभा सत्र के दौरान पास कराना हमारे लिए सबसे अहम चुनौती होगी। मुख्यमंत्री का जो यह निर्णय है, निश्चित रूप से महिला सशक्तिकरण और नारी शक्ति का सम्मान है। प्रदेश सरकार महिलाओं के लिए राज्य भर में कार्यक्रम कर रही हैं। सरकार की योजनाएं महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही हैं। उत्तराखंड की बेटियां खुद को किसी से कम न समझें। सभी बेटियों को अपना ऊंचा लक्ष्य रखना चाहिए, निश्चित रूप से उन्हें उनका मुकाम मिलेगा। हम उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री भी पीएम के विजन के अनुरूप आगे बढ़ रहे हैं। सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि मुख्यमंत्री का मूल मंत्र है। हम इस मूल मंत्र पर एक टीम के रूप में कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप समाज के लिए अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम होगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को राज्य में चुनाव कराने की प्रक्रिया का लंबा अनुभव है। वह 10 वर्ष प्रदेश में मुख्य चुनाव अधिकारी के पद पर रही हैं। 1988 बैच की रतूड़ी को पूर्व मुख्य सचिव डॉ.एसएस संधु ने कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर दोनों नौकरशाहों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। राधा रतूड़ी अपर मुख्य सचिव पद पर थीं। वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भरोसेमंद अफसरों में मानी जाती हैं। दिन भर उनके कार्यालय में कर्मचारी, अधिकारी, नौकरशाह, कर्मचारी नेता व जनप्रतिनिधि शुभकामनाएं देने पहुंचते रहे। रतूड़ी के पति अनिल कुमार रतूड़ी पुलिस महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वे प्रदेश के पहले नौकरशाह दंपति हैं, जिन्हें पुलिस और प्रशासन के सबसे बड़े ओहदे की कमान संभालने का अवसर मिला है। अपर मुख्य सचिव तक अपनी अभी तक की यात्रा में वह फतेहपुर (यूपी), टिहरी व देहरादून की जिलाधिकारी भी रह चुकी हैं। शासन में उन्होंने गृह, वित्त, कार्मिक, महिला सशक्तीकरण में बाल विकास सरीखे अहम विभाग देखे। अभी वह मुख्यमंत्री कार्यालय, गृह और एसएडी की जिम्मेदारी देख रही थीं।

# आर्मी इंटेलीजेंस ने सेना की वर्दी में फर्जी युवक को किया गिरफ्तार

रुड़की। आर्मी इंटेलीजेंस ने रुड़की से एक फर्जी सैन्यकर्मी को पकड़ा है। सेना ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपी से सेना की वर्दी समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। साथ ही आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रुड़की के आर्मी इंटेलीजेंस ने बुधवार शाम एक युवक को एमएच तिराहे से पकड़ लिया। सेना को शिकायत मिली थी कि आरोपी खुद को सैन्यकर्मी बताकर इंस्टाग्राम पर फोटो और वीडियो अपलोड कर रहा है। साथ ही उसने अपने परिजनों और दोस्तों को भी यह बता रखी थी कि वह सेना में भर्ती हो गया है। उसकी वर्तमान तैनाती रुड़की में है। सेना की टीम आरोपी को पकड़कर सिविल लाइंस कोतवाली पहुंची। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह आठ महीने से रुड़की के गणेशपुर में किराए पर कमरा लेकर रह रहा था।



पुलिस ने उसके कमरे से सेना की वर्दी समेत अन्य दस्तावेज भी बरामद किए हैं। साथ ही उसके मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच की। इसमें पता चला कि इंस्टाग्राम पर उसने अपनी कई वीडियो और फोटो सेना की वर्दी में अपलोड कर रखी हैं। पुलिस आरोपी के मोबाइल नंबरों की भी बारीकी से जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि मनमोहन यादव (22) निवासी गांव देहना थाना अल्लाहगंज जिला शाहजहांपुर यूपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। युवक से गहनता से पूछताछ की जा रही है। उसके संपर्क में कौन-कौन थे, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं, स्थानीय एलआईयू की टीम ने भी आरोपी युवक से पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने गांव के युवाओं को सेना में भर्ती होना बता रखा था। वह रुड़की से जब घर जाता तो युवाओं को सेना की ट्रेनिंग देता था। बताया जा रहा है कि युवा मनमोहन से बहुत प्रेरित थे और उससे ट्रेनिंग लेने के लिए बड़ी संख्या में आते थे।

# मेरी राजनीतिक विरासत संभालने में कई कार्यकर्ता सक्षम : हरीश रावत

## पूर्व सीएम हरदा ने बेटे को लोकसभा चुनाव लड़ाने की इच्छा जतायी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता हरीश रावत बुधवार को हल्द्वानी पहुंचे। इस दौरान एक होटल में पूर्व सीएम हरीश रावत ने मीडिया से बातचीत की। हरिद्वार लोकसभा सीट से टिकट के बारे में सवाल किया। इस पर हरीश रावत ने कहा कि ये फैसला कांग्रेस पार्टी को करना है। कहां से किसे लड़ाना है ये मेरा अधिकार नहीं है, लेकिन इसके साथ ही हरीश रावत ने अपने बेटे को टिकट मिलने की इच्छा जता दी। हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो भी फैसला करेगा, वह उन्हें मंजूर है। लेकिन मेरा मन है और मैं पार्टी से भी कहूंगा कि मेरे बेटे को चुनाव लड़ाया जाए। हरीश रावत ने कहा कि उनका बेटा बहुत दिनों से समाज और राजनीतिक क्षेत्र में कार्य कर रहा है। कार्य करने वाले को सम्मान भी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस जनकी आवाज उठाने के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेताओं को केंद्र की मोदी सरकार ईडी और सीबीआई का उपयोग कर उत्पीड़न कर रही है, जांच के बाद ईडी के कई मामले गलत साबित हुए है। पूर्व सीएम ने इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि उत्तराखंड में वह राजनीतिक और सामाजिक रूप से सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अपने लंबे राजनीतिक कैरियर में उन्होंने कांग्रेस के कई ऊर्जावान नेताओं को प्रोत्साहित किया है और आगे उनकी राजनीतिक विरासत को संभालने में कई कार्यकर्ता मौजूद है। गौरतलब है कि हरदा हरिद्वार सीट पर सकियता बनाये हुए है जबकि वह नैनीताल सीट से चुनाव लड़ चुके है। अब उन्होंने बेटे को चुनाव लड़ाने को लेकर भले ही अपने बेटे का नाम नहीं लिया लेकिन नैनीताल सीट से आनंद रावत को चुनाव लड़ाने को लेकर उन्होंने पहली बार सहमति जताकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। उत्तराखंड यूथ कांग्रेस के प्रेसिडेंट रह चुके हैं, वो 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। वहीं उनके दूसरे पुत्र वीरेंद्र सिंह रावत भी कांग्रेस में सक्रिय है।

# डा.संधु ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने डॉ. संधु को कुशल प्रशासक बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा की मुख्य सचिव के रूप में डॉ. संधु के अपने कार्यकाल में प्रदेश ने कई उपलब्धियां हासिल की।



# पार्किंग ठेके की नीलामी में गुंडागर्दी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। डा. सुशीला तिवारी चिकित्सालय की पार्किंग के लिए गुरूवार को निविदाएं आमंत्रित की गई थी लेकिन पहले से ही पार्किंग का ठेका चला रहा ठेकेदार गुंडई पर उतर आया और किसी को भी निविदा नहीं डालने दी गई जिस कारण से वहां पर काफी बखेड़ा हो गया। नौबत मारपीट तक पहुंच गई। बताया जा रहा है कि पार्किंग का ठेका जिस व्यक्ति के पास है वह दबंग किस्म का है। बता दें कि एसटीएच में पार्किंग के ठेके केक लिए गुरूवार को निविदाएं आमंत्रित की गई थी। जिसके लिए कई लोग निविदा लेकर पहुंचे भी थे। बताया जा रहा है कि पूर्व ठेकेदार संजय जायसवाल ने अपनी दबंगई दिखाते हुए किसी को भी निविदा नहीं डालने दी। जिस कारण से वहां पर काफी गहमा गहमी का माहौल देखने को मिला। बताया जा रहा है कि पूर्व ठेकेदार का ठेका निरस्त हुए लंबा समय गुजर चुका है लेकिन वह यहां से हटने का नाम नहीं ले रहा है। ठेकेदार और उसके आदमियों पर यहां पर आने वाले तीमारदारों और दूसरे लोगों के साथ अभद्रता और मारपीट करने के आरोप भी लगे हैं लेकिन इसके बाद भी उक्त ठेकेदार को शह प्रदान की जा रही है।

# ग्राम प्रधानों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

सितारगंज ( उद संवाददाता)। ब्लाक सभागार में उत्तराखण्ड त्रिस्तरीय पचांयत सगंठन के आहवान में प्रदेश अध्यक्ष ग्राम प्रधान सगंठन भाष्कर सम्भल की उपस्थिति में त्रि स्तरीय पंचायत का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने व एक राज्य एक पचांयती चुनाव कराये जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को खण्ड विकास अधिकारी सितारगंज के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान भाष्कर संभल, गुरदीप सिंह, विमलसिंह, कमला, ललितसिंह, लक्खा सिंह, राहील मलिक, सर्वजीत कोर, अमर जीत सिंह, शहनाज बी, रंजीत कौर, कल्पना देवी, सुरेन्द्र सिह शामिल थे।



# बेहड़ ने दिव्यांगों को व्हील चेयर और स्कूली बच्चों को बांटी स्वेटर





किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ का जन्म दिन यहां आवास विकास स्थित गुरूद्वारा सभागार में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। बेहड़ ने अपने जन्म दिन पर विधानसभा के 9 जरूरत मंद दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित की। इसके अलावा 251 गरीब बच्चों को स्वेटर वितरित किये। इस दौरान विधायक बेहड़ ने बताया कि उनको जनता संवाद के तहत विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रों से जरूरत मंद पात्र जो की चलने फिरने में असमर्थ है अपने लिए व्हील चेयर दिलाने के लिए उन्हें आवेदन किया था। जिस पर शशि पत्नी मोहन स्वरूप ग्राम अन्जनिया/किच्छा, उमरावती पत्नी धन सिंह ग्राम गंगापुर/किच्छा, शाहिद पुत्र फरीद निवासी खग्राम महराया, बलिष्ठर पुत्र जगन्नाथ निवासी- महाराजपुर, मंगरू निवासी दीवान झाला (धौराडाम), रामप्रवेश पुत्र धनी राम मतस्य कालोनी (कलकत्ता फार्म), आकाश पुत्र भूपेन्द्र कुमार निवासी -एस० ब्लाक बेनी,डेरी फार्म नगला पंतनगर, जीतू कुमार पुत्र झगरू प्रसाद निवासी- गौरीकला को व्हील चेयर वितरित की गयी।इसके अलावा बेहड़ ने राजकीय जूनियर हाई स्कूल सैजना व राजकीय जूनियर हाई स्कूल चकोनी में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को गरम स्वेटर व भोजन के पैकट वितरित किये। इस दौरान विधायक तिलक राज बेहड की पुत्री साक्षी छाबड़ा ने बताया कि इन बच्चों को चार बसों द्वारा उच्च शिक्षा अधिकारी से अनुमति प्राप्त करके लाया गया है तथा इन सभी बच्चों को जलपान कराकर प्रत्येक बच्चे को एक-एक गर्म स्वेटर वितरित की गई है । इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली, नगर महिला कांग्रेस सुनीता कश्यप विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, विजय यादव, गुलशन सिंधी, अनिल जग्गी आदि लोग मौजूद थे।

# शुकराना समागम में समाजसेवियों को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। धार्मिक कार्यक्रम शुकराना समागम में सिख धर्म की वरिष्ठ जत्थेबंदियों के प्रमुखों द्वारा सहभागिता करते हुए सिख धर्म के प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले वरिष्ठ समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इंग्लैंड से आए एनआरआई समाजसेवी ग्राम बलखेड़ा निवासी जयदीप सिंह ने बताया कि उनके विवाह की खुशियों को सांझा करने के लिए शुकराना समागम का आयोजन किया गया गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गदरपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड में सर्वप्रथम श्री गुरु ग्रंथ साहिब को नतमस्तक होते हुए रागी भाई बेअंत सिंह द्वारा गुरवाणी कीर्तन किया गया तत्पश्चात दरबार साहिब श्री अमृतसर के रागी भाई रणधीर सिंह द्वारा बसंत राग पर आधारित ,साध संगत पाइए विश्राम, सदा रिदै जपी प्रभु तेरो नाम।मेरा मन लागा है राम प्यारे दीनदयाल करी प्रभु कृपा वस कीने पंच दूतारे और बसंत चढ़ेया फूली बन राय ,गायन करते हुए संगत को बसंत राग के महत्व एवं गुरबाणी गायन के लाभ जपना ,किरत करना और बांट कर खाना के अलावा उन्होंने संगत को अमृत छककर गुरु वाले बनने का आह्वान किया उन्होंने अपने शरीर को स्वस्थ निरोग




ढाढी जत्था भाई गुरु प्रताप सिंह सुग्गा द्वारा बाबा दीप सिंह और बाबा विधि चंद के अलावा अन्य शहीदों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए नव दंपति जयदीप सिंह पावन मुखवाक की कथा करते हुए गुरु के आदर्शों पर नतमस्तक होकर चलने का आहवान किया इस दौरान स, अवतार सिंह एवं जसवीर कौर के सुपुत्र सिमरन के बारे में जानकारी प्रदान की । वहीं दल बाबा विधि चंद संप्रदा सुर सिंह श्री अमृतसर के कथावाचक भाई सुखदेव सिंह ने कहां कि सिख के जीवन में कर्मकांड का कोई स्थान नहीं है नाम रखने के लिए केवल सरब लोहा,तांबा,मिट्टी और पीतल के बर्तनों का अपने भोजन को पकाने के लिए प्रयोग करने का संकल्प करवाया जिससे कि हमारे शरीर से रोगों का निस्तारण हो सके और ईशा प्रीत कौर को वैवाहिक जीवन आरंभ करने पर शुभकामनाएं प्रदान की। गुरुद्वारा ज्योति स्वरूप श्री फतेहगढ़ साहिब सरहिंद से आए हेड ग्रंथी भाई अतर सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सिंह,हरप्रीत कौर जयदीप सिंह,ईशा प्रीत कौर एवं गुरदयाल सिंह को उनकी समाज सेवा में अग्रणीय भूमिका से प्रसन्न होकर बाबा विधि चंद दल संपदा के प्रमुख बाबा अवतार सिंह के सुपुत्र चरणजीत सिंह और बाबा बुडढा दल के बाबा शेर सिंह एवं तरना दल के महंत निहंग सिंह जी द्वारा सरोपा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वार्ता के दौरान बाबा चरणजीत सिंह ने सभी संगत को हर प्रकार के नशे से मुक्त होकर, केस रखते हुए अमृत छककर गुरु वाले बनने का आहवान किया । कार्यक्रम के समापन पर गुरुद्वारा बाबा मनोहर सिंह सितारगंज के रागी भाई कुलदीप सिंह के जत्थे द्वारा आनंद साहिब की वाणी का जाप किया।घ इस मौके पर भाई राजेंद्र सिंह,भाई हरजिंदर सिंह, भाई करनैल सिंह,सलविंदर सिंह कलसी,देवेंद्र सिंह,राजेंद्र सिंह, इंदर सिंह,पाल सिंह,पवनदीप सिंह,बलकार सिंह, नरेंद्र सिंह विचित्र सिंह कुलदीप सिंह,नरेंद्र सिंह ग्रोवर,अमरीक सिंह,मस्तान सिंह सहित तमाम संगत शामिल रही ।

## सेवानिवृत्त होने पर गोविंद बहुगुणा को दी विदाई

किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड स्पेशल ब्रांच के किच्छा इंचार्ज गोविंद वल्लभ बहुगुणा को सेवानिवृत्त पर एलआईयू कार्यालय में, स्पेशल ब्रांच एवं क्षेत्र के पत्रकारों ने फूलमाला पहनाकर कर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त एसआई गोविंद बल्लभ बहुगुणा ने कहा कि मुझे गर्व है कि मुझे उत्तराखंड पुलिस में सेवा देने का अवसर मिला। अपने कार्य काल के दौरान कई तरह के उतार चढ़ाव देखें है। उन्होंने बताया कि किच्छा क्षेत्र में मैंने कई सालों तक अपनी सेवा दी है, यहां मुझे हमेशा ही पुलिस विभाग, पत्रकारों एवं स्थानीय लोगों का बढ़-चढ़कर सहयोग मिला है, इसके लिए सभी का



आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर एलआईयू एसआई बिमला रावत, दामोदर जोशी, महेश धामी, शिवम् शर्मा, ए ए तन्हा, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, कैलाश बिष्टेनिया, वेद प्रकाश यादव, सुनील गुप्ता, नितेश बाला, चंदन पांडे, विनय कटियार,इसरार अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गदरपुर पुलिस अपराधों को रोकने के लिए हमेशा प्रयासरत है कई मामलों में गदरपुर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए अपराधियों की भी धरपकड़ की है ऐसे में उन पुलिस कर्मियों का उत्साह इसी तरह बना रहे इस बात का ख्याल करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मंजुनाथ टीसी ने उनकी पीठ थपथपाई है और उन्हें



प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया। 30 जनवरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गदरपुर थानाध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी और कांस्टेबल इरशाद उल्लाह खान को सम्मानित किया गया उनके द्वारा किए गए अच्छे कामों को लेकर प्रशस्ति पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पेज एक का शेष...

**बजट में कर दाताओं को...** पहल की गई है। डिफेंस के लिए 6.2 लाख करोड़ का बजट रखा गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ रहे हैं, जब पीएम मोदी ने 2014 में काम शुरू किया तब बहुत ज्यादा चुनौतियां थीं। जनता के हित में काम शुरू किए हैं। जनता को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर दिए हैं। देश में नया उद्देश्य और उम्मीद जगी है। जनता ने हमें दूसरी बार सरकार में चुना। हमने व्यापक विकास की बात की। सबका साथ, सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र से आगे बढ़े। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, बायोफ्यूल के लिए समर्पित योजना लाए हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ई-वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। रेलवे-समुद्र मार्ग को भी जोड़ने पर जोर रहेगा। पर्यटन केंद्रों के विकास में तेजी लाएंगे। पर्यटन सेक्टर में विकास तेज हो रहा है। राज्यों को ब्याजमुक्त कर्ज दिया जा रहा है। पीएम आवास योजना में 70 फीसदी घर महिलाओं के लिए बने हैं। पर्यटन क्षेत्र में विदेशी निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, लखपति दीदी को बढ़ावा दिया जाएगा। 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ का निर्णय लिया है। 9 करोड़ महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है। लखपति दीदी से आत्मनिर्भरता आई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, विकास कार्यक्रमों ने सभी के लिए आवास, हर घर जल, सभी के लिए बिजली, सभी के लिए रसोई गैस और रिकॉर्ड समय में सभी के लिए बैंक खाते और वित्तीय सेवाओं के माध्यम से प्रत्येक घर और व्यक्ति को लक्षित किया गया है। हमारी सरकार सर्वांगीण, सर्वसमावेशी और सर्वव्यापी विकास की दिशा में काम कर रही है। हमारे युवा देश की आकांक्षाएं ऊंची हैं, वर्तमान पर गर्व और उज्ज्वल भविष्य के प्रति आशा और विश्वास है। पिछले 10 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। 2014 में देश भारी चुनौतियों का सामना कर रहा था।

**अवसरवादी गठबंधन को ..** के साथ ही इन कार्यालयों में चुनावी तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सम्बोधन में कहा भारतीय जनता पार्टी संगठन कुशलता और कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जिसके चलते आज उत्तराखंड में भाजपा ने अपने सभी लोकसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया हैं जिसके तहत आगे की सभी गतिविधि इन चुनाव कार्यालयों से चलेगी । उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार के जनकल्याणी कार्यो को इस बार भी जनता सराहने वाली है। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड की सभी लोकसभा सीटे पहले से भी बड़े अन्तराल से जीतने जा रहे हैं। सीएम धामी ने कहा यह समय केंद्र सरकार के दस साल के कार्यकाल में हुए विकास कार्यो का जनता द्वारा मोहर लगाने का समय है। हमें पूर्ण विश्वास है कि पहले से भी अधिक बहुमत से देश की जनता भारतीय जनता पार्टी को तीसरी बार भी आशीर्वाद देने जा रही है और विपक्ष गठबंधन जो एक अवसरवादी सोच से एक साथ आये हैं उनको आईना दिखाने का काम जनता करने वाली हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनेगा ओर उत्तराखंड की सभी लोकसभा सीटो को 5 लाख से अधिक वोटो से जीतने का लक्ष्य रखा है हम इस लक्ष्य को हमारे कार्यकर्ता की मेहनत के बल पर हासिल करेंगे। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा के चुनाव कार्यालय के उदघाटन कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी व लोकसभा सयोंजक विवेक सक्सेना ने फीता काटा। बजट सत्र के चलते वर्चुअल माध्यम से केंद्रीय रक्षा पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने अपना सम्बोधन दूरभाष के माध्यम से दिया और उन्होंने चुनाव कार्यालय की सभी कार्यकर्ता को शुभकामनाएं दी। इस दौरान खिलेन्द्र चौधरी ने कहा कि यह चुनाव कार्यालय आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सभी गतिविधियों के चुनाव संचालन का केंद्र बिंदु रहने वाला हैं और यही से सभी योजना बैठके आगामी लोकसभा चुनाव की होगी। लोकसभा चुनाव में कमल का फूल इस नैनीताल उधम सिंह नगर क्षेत्र में पिछली बार के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल करेंगे। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने दिया।इस दौरान कार्यक्रम में नैनीताल लोकसभा के सयोंजक विवेक सक्सेना, नैनीताल जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी,काशीपुर जिला अध्यक्ष गुजन सुखीजा, विधायक रुद्रपुर शिव अरोरा, गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, उधम सिंह नगर जिला सह संयोजक गुरविंदर चंडोक, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, सुरेश परिहार, अनिल चौहान, राजेश तिवारी, राकेश सिंह, धर्म सिंह कोली, धीरेंद्र मिश्रा, फरजाना बेगम, विनय बत्रा, श्रीकांत राठौर, सुशील यादव, किरण विर्क, अनमोल विर्क, मयंक कक्कड़, बिट्टू चौहान, मोहन तिवारी, शाह खान, अक्षय अरोरा, हरीश भट्ट, जीवन धामी, अमित नारंग, के के दास,अमित सिंह, लक्ष्मण खाती, मनमोहन सक्सेना, परवेज खान, मोर सिंह, व अन्य लोग मौजूद रहे।

**दुकान से हजारों की ...** श्री बाला जी ऑटो सर्विस नाम से मोटर साईकिल रिपेयरिंग की दुकान है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात्रि रोज की तरह 9 बजे दुकान बंद कर घर गये थे। गुरूवार प्रात: 8 बजे दुकान खोलकर देखा तो भीतर शीशे का दरवाजा टूटा हुआ था। केबिन में गल्ले में रखे 46 हजार रूपये गायब थे। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर दुकान की छत का दरवाजा तोड़ भीतर आया और उसने हथौड़े से सीढ़ियों पर लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ा। जिसके बाद वह कांच का दरवाजा तोड़ केबिन के भीतर गया और उसने गल्ले में रखे 46 हजार रूपये चोरी कर लिये। चोरी करने के बाद वह दुकान के पीछे स्थित नाले में कूद कर भाग गया। यह सब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट दिखाई दिया। उसने बताया कि दुकान में चोरी करने वाले की पहचान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर कर ली गई है। वह पूर्व में कुछ दिन दुकान पर काम कर चुका है। बाद में उसके घर जाकर चोरी करने के दौरान पहने कपड़े बरामद कर लिए जबकि वह मौके फरार है। भाष्कर ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है। पुलिस ने दावा किया है कि फरार चोर को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

23.59 **ग्राम स्मैक...** थी इसी दौरान उसने ईदगाह रोड जसपुर निवासी नदीम अहमद पुत्र शरीफ अहमद तथा मोहल्ला चौहान पट्टी जसपुर निवासी साहने आलम पुत्र सईद अहमद को स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 पी/6466 पर फर्राटा भरते शक के आधार पर दबोच कर कब्जे से 23.59 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हर्षोल्लास के साथ मनाया बेहड़ का जन्मदिन



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आवास पहुंचकर विधायक बेहड़ को दी शुभकामनायें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़ का 67 वाँ जन्म दिन यहां आवास विकास स्थित उनके आवास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 67 पौंड का केक काट गया। तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुके देकर विधायक तिलक राज बेहड़ की दीर्घायु एवं सुखी जीवन की कामना की। पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा व अनिल शर्मा ने श्री बेहड़ को शॉल ओढ़ाकर चांदी का मुकुट तथा बड़ी माला पहनाकर उन्हें जन्म दिन की शुभकामनाएं दीं। श्री बेहड़ ने केक काटकर अपनी धर्मपत्नी श्रीमती बीना बेहड़ को खिलाया जिसके बाद श्रीमती बेहड़ ने भी विधायक बेहड़ को केक खिलाया। व्यापारियों द्वारा श्री बेहड़ को तलवार भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने श्री बेहड़ के जयघोषों से आयोजन स्थल गुंजायमान कर दिया। श्री बेहड़ ने कहा कि वह हमेशा विकास के पुजारी रहे हैं क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कराना सदैव उनकी प्राथमिकता रहा है। जब तक रूद्रपुर विधानसभा क्षेत्र का विधायक रहा तो विकास की गंगा बहाई और अब किच्छा विधायक के रूप में कई विकास योजनाएं धरातल पर उतार रहे हैं। उन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं का हमेशा सहयोग मिलता रहा है इसे वह कभी भी नहीं भुला पायेंगें। इस मौके पर गौरव बेहड़, अनीषा बेहड़, सौरभ बेहड़, ईशा बेहड़, साक्षी छावड़ा, विजय जग्गा, पवन अग्रवाल, सुभाष खांडेलवाल, नरेश शर्मा, राकेश सुखीजा, राजू छावड़ा, संजय जुनेजा, अमित अरोरा, हरीश अरोरा, केवल बत्रा, विजय विरमानी, महावीर आजाद, विशाल भुड्डी, मनोज मुजाल, आशु ग्रोवर, गौरव तनेजा, सचिन तनेजा, रोहित जग्गा, गौरव जग्गा, सुमित बब्बर, प्रीति साना, जगदीश तनेजा, दिनेश पंत, संजीव रस्तोगी, सुशील मंडल, मोनू निषाद, योगेश पांडे, अरशद खां, चेतन भट्ट, अमीर हुसैन, नदीम खां, लवकुश शर्मा, परिमल राय, शिशुपाल सिंह, कमलेश गुप्ता, सोनू चौहान, ममता रानी, उमा सरकार, ज्योति टम्टा, सरोज रानी, विजय यादव, डा. सुमित राय, राजकुमार सीकरी, सुनील जडवानी, इन्द्रजीत सिंह सहित भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संयुक्त किसान मोर्चा मजदूर संगठनों न 16 फरवरी की हड़ताल को सफल बनाने के लिए बनाई रणनीति

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रेड यूनियन और किसान संगठनों के संयुक्त फोरम द्वारा 16 फरवरी को आहूत इंडस्ट्रियल और ग्रामीण हड़ताल को सफल बनाने का आवाहन किया गया। 16 की इंडस्ट्रीयल हड़ताल व ग्रामीण बंद की तैयारियों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा मजदूर संगठनों ने गल्ला मंडी रुद्रपुर में बैठक कर हड़ताल की रणनीति बनाई। संयुक्त किसान मोर्चा के राज्य संयोजक व भारतीय किसान यूनियन(उग्रहा)के प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसान यूनियन उगारंह, अखिल भारतीय किसान सभा, किसान महासभा, ट्रेड यूनियन एक्टू,इंकलाबी मजदूर यूनियन, मजदूर सहयोग केंद्र, संयुक्त श्रमिक मोर्चा, बजाज कर्मकार यूनियन, उत्तराखंड निर्माण मजदूर यूनियन, अखिल भारतीय किसान सभा, भाकपा, भाकपा (माले) के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार मजदूरों–किसानों के खिलाफ नीतियां बना रही है। जिससे आमजन की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होते जा रही है। मोदी सरकार द्वारा श्रमिक पक्षीय 44 श्रम कानूनों को खत्म कर दिया गया है और उसे बदले 4 मजदूर विरोधी श्रम कोड लाए जा रहे हैं। जिससे मजदूर की स्थिति बंधुवा गुलाम की हो जायेगी। महंगाई



लगातार बढ़ रही है लेकिन मजदूरों की आय में कोई बढ़ोत्तरी सरकार नहीं कर रही। वक्ताओं ने कहा कि 2 साल पहले जब मोदी सरकार ने किसानों से आंदोलन खत्म करने के एवज में किसान विरोधी कानूनों को वापिस लेने और एमएसपी कानून बनाने सहित कई वायदे किए थे तो किसानों ने उन पर भरोसा करके आंदोलन स्थगित किया था।लेकिन सरकार ने न तो एमएसपी कानून बनाया, ना ही लखीमपुर में 6 किसानों की हत्या के आरोपी केंद्रीय मंत्री मंत्री के खिलाफ कोई कार्यवाही की। मोदी सरकार किसानों से लगातार वायदा खिलाफी कर रही है। ऐसे में किसानों मजदूरों के ज्वाइंट फोरम ने 16 फरवरी को राष्ट्रीय हड़ताल का आव्हान किया है। संचालन के के बोरा ने किया।बैठक में निर्णय लिया गया की रुद्रपुर,सितारगंज, बाजपुर, नानकमत्ता में 16 फरवरी को हड़ताल के समर्थन प्रदर्शन आयोजित होंगे। बैठक में केके बोरा, लखविंदर सिंह, जागीर सिंह, मुकुल, दिनेश तिवारी, दिनेश भट्ट, अनिता अन्ना, राजेंद्र गुप्ता, दर्जन सिंह, कारण सिंह, संदीप हुड्डा, हीरा सिंह राठौर, जगमोहन डसीला, उत्तम दास, ललित मटियाली आदि मौजूद थे।




# महामंत्री पद के लिए हरीश अरोरा ने मांगा समर्थन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल चुनाव में महामंत्री पद के उम्मीदवार हरीश अरोरा ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने बाजार में अपने समर्थकों के साथ व्यापारियों से संपर्क कर 4 फरवरी को होने वाले मतदान में अपने पक्ष में मतदान की अपील की। प्रचार अभियान के दौरान हरीश अरोरा को व्यापारियों ने अपना भरपूर समर्थन देने का वायदा किया। इस दौरान हरीश अरोरा ने कहा कि व्यापारियों के एक एक वोट की कीमत चुकाई जायेगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से कराया जायेगा। किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। श्री अरोरा ने कहा कि चुनाव में उन्हें व्यापारियों को भारी समर्थन और प्यार मिल रहा है। जिससे उनकी जीत सुनिश्चित है।

# कोषाध्यक्ष पद के लिए पवन गावा ने मांगे वोट



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल चुनाव में कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी पवन गावा पल्ली ने व्यापारियों से संपर्क कर चुनाव में विजयी बनाने की अपील की। अपने समर्थकों के साथ जोर शोर से प्रचार में जुटे पवन गावा पल्ली ने मुख्य बाजार में व्यापारियों से दुकान दुकान जाकर संपर्क किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता है। व्यापारियों के सम्मान और उनकी समस्याओं के लिए आवाज उठाने के लिए ही वह चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें व्यापारियों का भरपूर प्यार और स्नेह मिल रहा है, जिससे उनकी जीत तय है। पवन गावा ने कहा कि व्यापारियों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जायेगी।




# लापता मासूम का शव नाले से हुआ बरामद

बाजपुर। बाजपुर के गांव नरखेड़ा में तीन दिन पहले घर के आंगन में खेल रहा तीन साल का मासूम अचानक गायब हो गया। अब मासूम बच्चे का शव नाले से बरामद हुआ है। बता दें कि, बीती 28 जनवरी को दोपहर के समय गांव नरखेड़ा निवासी अजय कुमार का तीन साल का बेटा जय घर के आंगन में खेल रहा था कि अचानक लापता हो गया। खोजबीन करने पर बच्चे का कोई पता नहीं चला। पिता अजय की ओर से कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर दर्ज कराई गई थी। जिस पर बच्चे की तलाश में कोतवाल नरेश चौहान के नेतृत्व में चार पुलिस टीमें गठित की गई। बुधवार सुबह से पुलिस टीम ने घर के पास नाले में खोजबीन शुरू की। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से नाले का पानी निकालकर जेसीबी मशीन से खोजबीन की। इस दौरान मासूम बच्चे का शव बरामद हुआ। यहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। शव को देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। मासूम बच्चे के शव की सूचना से पूरा गांव शोक में डूब गया।

